सांसदों ने श्रीमती इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली; 19 नवंबर, 2023: राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे, संसद सदस्यों एवं पूर्व सांसदों ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में पूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र का अनावरण 19 नवंबर 1987 को संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन द्वारा किया गया था